दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-304, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 14 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# अलविदा प्रतीक यादव

## अंतिम यात्राः भाई सांसद आदित्य ने कंधा दिया, शव वाहन पर पेट्स के साथ तस्वीर

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव की अंतिम यात्रा शुरू हो गई है। अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में समर्थक हैं। 'प्रतीक यादव अमर रहे' के नारे लगा रहे हैं। शिवपाल यादव के बेटे आदित्य ने शव को कंधा दिया। लखनऊ में प्रतीक के घर से कुछ दूरी पर ही सपा कार्यालय है। शव को कुछ देर के लिए वहां जमीन पर रखा गया। परंपरा के अनुसार, श्मशान घाट पहुंचने से पहले शव को पांच बार जमीन पर रखा जाता है।

प्रतीक एनिमल लवर थे। पत्नी अपर्णा ने शव वाहन पर उनकी डॉग्स और बंदर के साथ वाली तस्वीर लगवाई है। अपर्णा, दोनों बेटियों के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के साथ कार से श्मशान घाट जा रही हैं। घर से 5 किमी दूर बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार की तैयारी पूरी



कर ली गई है। अखिलेश के बेटे अर्जुन भी श्मशान घाट पर पहुंच गए हैं। यहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पहले, सुबह शव को अंतिम दर्शन के लिए घर में रखा गया। दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने प्रतीक को श्रद्धांजलि दी। शिवपाल और डिंपल यादव ने भी अंतिम दर्शन किए। रात में पत्नी अपर्णा दोनों बेटियों के साथ शव के पास बैठी रहीं। प्रतीक का बुधवार सुबह 6 बजे 38 साल की उम्र में निधन



हुआ था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डिएक अरेस्ट बताई गई। उनके शरीर पर छह चोटें पाई गईं, जो मौत से पहले लगी थीं। इनमें 3 चोटें 7 दिन पुरानी और 3 एक दिन पुरानी थीं। उनका विसरा सुरक्षित रखा गया है।

# वीडी सतीशन होंगे केरलम के अगले मुख्यमंत्री



**तिरवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वी डी सतीशन (61) केरलम के मुख्यमंत्री होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद इसका ऐलान किया। सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। एक दिन पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कांग्रेस आलाकमान ने सभी चर्चाएं पूरी कर ली हैं।

केरलम सीएम पद के लिए वी डी सतीशन के अलावा केरलम की अलाप्पुझा सीट से लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल का नाम भी रेस में

### कांग्रेस ने राज्य में सीएम के नाम का किया ऐलान

था। सीएम पद के लिए वेणुगोपाल राहुल गांधी की पहली पसंद कहे जा रहे थे। राहुल ने 11 मई को दिल्ली में वेणुगोपाल से अकेले में मुलाकात भी की थी। कोट्टायम से विधायक राधाकृष्णन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हाईकमान ने सभी पक्षों की राय सुनी और इस पूरी प्रक्रिया में राहुल गांधी सीधे तौर पर शामिल थे।

### नीट यूजी 2026 पेपर लीक

## गुरुग्राम के यश यादव के जरिए राजस्थान पहुंचा पेपर

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में राजस्थान कनेक्शन सामने आने के बाद जांच एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। शुरूआती जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्नपत्र यश यादव के जरिए राजस्थान पहुंचा था। यश की पहचान विकास बिवाल से थी। आरोप है कि विकास बिवाल के पिता दिनेश बिवाल ने प्रश्नपत्र की हार्ड कॉपी स्कैन कर उसकी पीडीएफ तैयार की थी। इसके बाद प्रश्नपत्र को हाथ से लिखकर और स्कैन कर सीकर के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों तक पहुंचाया गया। मामले की जांच कर रही राजस्थान एसओजी ने गुरुग्राम के फरुखनगर इलाके से बीएएमएस छात्र यश यादव को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि वह उस नेटवर्क का हिस्सा था, जिसने नासिक से आए प्रश्नपत्र को राजस्थान तक पहुंचाने में भूमिका निभाई। यश पहले सीकर में रहकर कोचिंग कर चुका है, जिसके चलते उसका राजस्थान के कई जिलों में आना-जाना था।



## ट्रम्प-जिनपिंग की बैठक 2 घंटे चली

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में जिनपिंग ने ट्रम्प का स्वागत किया। इस दौरान ट्रम्प को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया।

## ट्रक में घुसी स्कार्पियो, चार की दर्दनाक मौत



**बांदा।** जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें एक स्कॉर्पियो गैस सिलिंडर लदे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में स्कॉर्पियो के चालक सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती को कानपुर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि सभी मृतक और घायल आजमगढ़ के रामगढ़ के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य हैं, जो कबरई जा रहे थे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक सड़क हादसे की सूचना पर जिलाधिकारी अमित आसेरी ने घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक स्कार्पियो और ट्रक की भिड़ंत हुई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है।

Plan for Renovation

of House/Factory/Shop

Vastu

gives you

Prosperity - Wealth - Health



Anand Sharma

Vastu Advisor & Industries Expert

9105137529-9105752579



NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# यूपी में आंधी-तूफान, 94 लोगों की मौत

## 80 किमी प्रति घंटे की आंधी में युवक उड़ा, राजस्थान में गर्मी का रेड अलर्ट; एमपी भी हीटवेव की चपेट में

**लखनऊ।** देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण 94 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 17 मौतें प्रयागराज और 16 मौतें भदोही में हुईं।

यहां 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक युवक टीनशेड समेत हवा में उड़ गया। राज्य के बांदा शहर में तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। बुधवार को लगातार चौथे दिन राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है।

वहीं, मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में हीटवेव चल रही है, जो 18 मई तक जारी रह सकती है। बुधवार को खजुराहो में तापमान 45.4डिग्री सेल्सियस रहा। आज इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में वार्म नाइट का भी अलर्ट है।





उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम ने तबाही मचा दी है। आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली और बारिश के कारण राज्य में अब तक 70 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। प्रयागराज, भदोही, फतेहपुर, सोनभद्र समेत कई जिलों में भारी तबाही आई है। इंसानों के साथ ही मवेशियों के मारे जाने की खबर भी सामने आ रही है। इन सब के बीच यूपी के बरेली से एक डराने वाला वीडियो सामने आया है। एक शख्स आंधी के कारण कई फीट ऊंचा हवा में उड़ गया है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

यूपी में भयानक आंधी-बारिश का कहर बरेली जिले में भी देखने को मिला है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक शख्स तेज आंधी के कारण टीन शेड के साथ हवा में उड़ गया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। आंधी के कारण हवा में उड़ने वाले शख्स की पहचान नन्हे के रूप में की गई है। नीचे गिरने के बाद युवक घायल हो गया है। ये पूरी घटना बरेली के भमोरा थाना के बमियाना गांव की बताई जा रही है।

24 घंटे में मुआवजा देने का निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस तबाही का संज्ञान लिया है और अधिकारियों को 24 घंटे में मुआवजा देने का निर्देश जारी किया है। साथ ही सभी जिलों के उच्च को फील्ड में उतरकर मदद के भी निर्देश दिए हैं। सीएम ऑफिस से हर जिले की स्थिति पर नजर भी रखी जा रही है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 24 घंटे के अंदर राहत बचाव का काम पूरा किया जाए और पीड़ितों तक मदद पहुंचाई जाए।

## स्कूल बस पलटी, मची अफरा-तफरी, चार बच्चे घायल

**अलीगढ़।** स्कूली बस ड्राइवर की लापरवाही के चलते बस गड्ढे में पलट गई। हादसे में चार बच्चे गंभीर घायल हो गए। साथ ही अन्य कई बच्चे भी घायल हो गए। कोड़ियागंज के वांटेज कॉन्वेंट स्कूल की बस आज सुबह 7:30 बजे गंगीरी के भदरोई पानी की टंकी के पास बस ड्राइवर चलती बस में ब्रेक लगाकर अपने दरवाजे से एक बच्चे को चढ़ा रहा था। एक हाथ में स्टेयरिंग थी और दूसरे से बच्चे को पकड़ रखा था। बच्चे की तरफ पकड़ कमजोर देखते ही ड्राइवर ने दोनों हाथ से बच्चे को बस में ऊपर चढ़ाया, हाथ से स्टेयरिंग छूटते ही बस आगे बढ़ गई और एक गड्ढे में पलट गई।



हादसे में चार बच्चे गंभीर घालय हो गए। बस पलटते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। चार गंभीर घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। इन चार के अलावा भी कई बच्चे घायल हुए हैं। जिनका उपचार कराया जा रहा है।

## स्लीपर बस में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** रानीबाग इलाके में सोमवार रात चलती स्लीपर बस में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मंगोलपुरी स्थित फैक्टरी में काम करने वाली महिला घटना के समय काम खत्म कर घर जा रही थी। आरोप है कि बस में सवार चालक और हेल्पर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास बस से फेंककर भाग गए। पीड़िता को पुलिस ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया और उसके बयान पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए बस को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



जानकारी के मुताबिक, 30 साल की महिला अपने पति और दो बच्चों के साथ पीतमपुरा इलाके में रहती है। उसके पति को टीबी की बीमारी है। वह मंगोलपुरी स्थित फैक्टरी में काम करती है। रानीबाग थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक सोमवार रात वह काम करने के बाद घर जा रही थी। सरस्वती विहार इलाके में वह बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक स्लीपर बस आकर वहां रुकी। महिला ने दरवाजे पर खड़े व्यक्ति से टाइम पूछा।

आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसे बस के अंदर खींच लिया और चालक से बस चलाने के लिए कहा। इस दौरान बस में मौजूद दो आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास महिला को बस से फेंककर वहां से भाग गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें पता चला कि बस दिल्ली से बिहार के बीच चलती है।

## गूगल-एप्पल को सख्त निर्देशः दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- पूरी पीढ़ी को बर्बाद नहीं करने दे सकते, 'गंदगी' हटाओ

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को गूगल और एप्पल को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने प्ले स्टोर और ऐप स्टोर पर अश्लील, वेश्यावृत्ति तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले मोबाइल एप्लिकेशन्स के खिलाफ तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करें। अदालत ने टिप्पणी की कि पूरी पीढ़ी को बर्बाद होने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खंडपीठ ने आईटी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 का हवाला देते हुए कहा कि गूगल और एप्पल जैसे मध्यस्थों की जिम्मेदारी केवल शिकायत मिलने पर ही नहीं, बल्कि ऐसे ऐप्स को अपलोड होने के समय ही उचित जांच (ड्यू डिलीजेंस) करना है।




पीठ ने कहा, इन ऐप्स की व्यापक पहुंच को देखते हुए मध्यस्थों को आईटी नियम 2021 के तहत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्हें न केवल शिकायत पर कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि अपलोड के समय भी सतर्क रहना चाहिए। यह आदेश एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान दिया गया।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर कई ऐसे ऐप उपलब्ध हैं जो पोर्नोग्राफिक सामग्री, अनैतिक तस्करी, वेश्यावृत्ति, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, अवैध हथियारों की तस्करी और संगठित अपराध को बढ़ावा देते हैं। याचिकाकर्ता के वकील तन्मय मेहता ने कहा कि ये ऐप्स ऐसे आपराधिक कार्यों से करोड़ों डॉलर कमा रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने याचिका का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सरकार अकेले दुनिया भर में सब कुछ ब्लॉक नहीं कर सकती, इसलिए मध्यस्थों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

अदालत ने गूगल, एप्पल और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को निर्देश दिया कि वे ऐसे ऐप्स के प्रसार को तुरंत रोकें और 2021 के आईटी नियमों का पालन करें। साथ ही, अगली सुनवाई (जुलाई में) तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 14 मई, 2026


# बांकेबिहारी: तीन महीने में मिला 4.90 करोड़ का दान



एनएनआई

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर की उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति की बैठक बैठक में मंदिर की आय की समीक्षा हुई। फरवरी से अप्रैल तक मंदिर की 18 गोलक में श्रद्धालुओं ने 4.90 करोड़ रुपये का दान दिया।

29 मार्च से मंदिर में फूलबंगला की सेवा शुरू हुई। अब तक फूलबंगला से भी 80 लाख रुपये की आय हुई है। मंदिर में लगे सुरक्षा कर्मी अब काले के स्थान पर पीले रंग की शर्ट पहनेंगे। शहीद लक्ष्मण सिंह स्मारक भवन में बुधवार शाम पांच बजे से शुरू हुई बैठक में कई व्यवस्थाओं पर मंथन किया गया। समिति अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने बताया कि बैठक में मंदिर की आय की समीक्षा की गई।

तीन महीने में मंदिर की गोलक में श्रद्धालुओं ने चार करोड़ 90 लाख रुपये का दान दिया। इसमें कुछ विदेशी मुद्रा और पीली व सफेद धातु के आभूषण शामिल हैं। सबसे अहम बाद फूलबंगला की सेवा में रही। चार माह फूलबंगला की सेवा होती है।

पहले मंदिर कोष में सेवायत एक फूलबंगला का 15 हजार रुपये जमा करते थे। दिन में सुबह और शाम अलग-अलग फूलबंगला सजते हैं। समिति ने यह धनराशि बढ़ाकर 1.51 लाख रुपये कर दी। बाद में सेवायतों के विरोध पर 1.01 लाख रुपये कर दी।

अब तक सजाए गए फूलबंगला से 80 लाख रुपये मंदिर कोष में जमा हुए। फिलहाल मंदिर चबूतरे से विद्यापीठ तक स्टील की रेलिंग लगाने की कार्रवाई अगले महीने की बैठक तक स्थगित की गई है।

रेलिंग लगाने के लिए दानदाताओं से आर्थिक सहायता पर अगली बैठक में मंथन होगा। बैंकों को निर्देश दिए गए कि मंदिर की अलमारियों में रखे आभूषण दो सप्ताह में बैंकों में जमा कराकर उनका मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने बताया कि मंदिर के आयकर रिफंड में ढाई करोड़ रुपये एक सप्ताह में मिल जाएगा, जबकि ढाई करोड़ का समायोजन होगा। यह करीब दस वर्ष से रुका था। इसमें लगभग एक करोड़ रुपये ब्याज मिलेगा। मंदिर के आसपास बिना नंबर की गाड़ी, काले शीशे लगी गाड़ियों पर कार्रवाई होगी, निजी पार्किंग से नगर निगम के बोर्ड हटेंगे।

## हाईवे पर पलटा भूसे से भरा ट्रॉला, सात घंटे तक लगा जाम

एनएनआई

**मथुरा।** नेशनल हाईवे-19 पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरी के समीप बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सोहना के तावड़ी से वृंदावन की ओर जा रहे भूसे से भरे एक ट्रॉला को एक अज्ञात ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉला अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया, जिससे पूरे मार्ग पर भूसा बिखर गया।



यह घटना रात लगभग 2 बजे की है। हादसे के बाद से ही हाईवे पर यातायात की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। सुबह 7 बजे तक हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और हाईवे टोल प्लाजा की टीमें मौके पर पहुंच गईं। पुलिसकर्मी और टोल कर्मचारी मजदूरों की सहायता से सड़क पर फैले भूसे को हटाने और ट्रॉला को खाली करने के कार्य में जुट गए। भूसे की मात्रा अधिक होने के कारण राहत कार्य में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद ट्रॉला हटाकर यातायात सुचारू कराया जा सका।

## हाईवे पर दर्दनाक हादसा, बाइक फिसलने से दंपति समेत मासूम घायल



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** मक्खनपुर हाईवे पर बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। बाइक फिसलने से पति-पत्नी और उनकी चार वर्षीय बेटी सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।


जानकारी के अनुसार समीर पुत्र सलीम अपनी पत्नी दानिस्ता और चार वर्षीय बेटी आयन के साथ बाइक से आगरा के बोदला क्षेत्र से शिकोहाबाद स्थित ससुराल जा रहे थे।बताया जा रहा है कि रात के समय मक्खनपुर हाईवे पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसके बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए।

हादसे के बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक कार चालक ने मानवता दिखाते हुए घायलों को अपनी कार में बैठाकर तत्काल सरकारी जिला अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने भी मौके पर मदद की और घायलों को संभाला। अस्पताल में डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के मुताबिक दानिस्ता की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया गया। वहीं समीर और उनकी बेटी आयन का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

## फिरोजाबाद में कांच फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**फिरोजाबाद** एनएनआई। मीरा चौराहे स्थित एक कांच फैक्ट्री में बुधवार को एक मजदूर की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर ने आगरा ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

नगला पान सहाय, थाना उत्तर निवासी 60 वर्षीय सियाराम बुधवार दोपहर फारूकी ग्लास फैक्ट्री में मजदूरी करने पहुंचे थे। बताया गया है कि फैक्ट्री परिसर में शाम को सोडा खाली कर रहे एक ट्रक के पास काम के दौरान वह अचानक उसकी चपेट में आ गए और पहिए के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद फैक्ट्री कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें आगरा रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी जुटाई।



# यमुना घाटों पर लगे चेतावनी बोर्ड

## डूबने से चार मौतों के बाद पुलिस अलर्ट, हर घाट पर होगी निगरानी

एनएनआई

**आगरा।** यमुना के पार्वती घाट पर मंगलवार को लोगों की डूबने से हुई मौत के बाद पुलिस प्रशासन ने हादसे रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। मामले में पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने घाटों पर जागरूकता वाले बोर्ड लगाने से लेकर थाना पुलिस की तैनाती के निर्देश दिए हैं।

पार्वती घाट पर नहाने गए शोभा नगर के विक्की सहित मथुरा और हाथरस के तीन युवक-युवतियों की डूबने से मौत हो गई थी। सभी जन्मदिन पार्टी में आए थे। इस दर्दनाक हादसे के बाद एक बार फिर यमुना के घाटों पर सुरक्षा इंतजाम को लेकर सवाल खड़े हो गए। कई बार डूबने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। शहर से लेकर देहात तक घाटों पर इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसे हो चुके हैं। पार्वती घाट पर हुई घटना के बाद लखनऊ से दिशा-निर्देश मिले हैं। इसके बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्लान बनाना शुरू कर दिया है।



पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि शहर और देहात में यमुना के घाटों पर पुलिस के इंतजाम किए जाएंगे। यमुना में ज्यादा गहराई वाले स्थानों को चिह्नित करके बोर्ड लगाए जा रहे हैं। चेतावनी भी लिखी जा रही है कि पानी में न जाएं। इससे हादसे का शिकार हो सकते हैं। अगर कोई नाव में भी जाएगा तो लाइफ जैकेट होनी चाहिए। इस पर संबंधित थाना पुलिस नजर रखेगी। फिलहाल पुलिस कर्मियों को लगाने के साथ गोताखोर भी दिए जाएंगे।

**पार्वती घाट पर एसीपी ने किया जागरुक**

एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि पार्वती घाट पर बुधवार को जागरुकता अभियान चलाया गया। आसपास के लोगों को बताया गया कि नदी में पानी की गहराई अधिक है। इस बारे में लोगों को बताएं। अगर, कोई नदी में जाने का प्रयास कर रहा है तो उसे रोक दें। कोई नहीं मानता है तो पुलिस को बताएं। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय गोताखोर बबलू, सुभाष, रवि, लोंगा, अनिल कुमार, काले, मनीष, सेंकी आदि को थाने के नंबर दिए। इनसे कहा गया कि वो किसी तरह के हादसे की जानकारी पुलिस को तत्काल दें। नजर भी रखें कि कोई गहरे पानी में तो नहीं जा रहा है।

## आटो हादसाः जिंदगी की जंग लड़ रही विवाहिता

**आगरा।** बोदला-बिचपुरी मार्ग पर रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने सदरवन गांव का परिवार उजड़ गया। ऑटो और एंबुलेंस की टक्कर में दिल्ली में ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करने वाले नेम सिंह (36) और उनके दो बेटे शिवम (15) निखिल उर्फ गोविंदा (10) की मौत हो गई। हादसे में पत्नी कांता और सबसे छोटा बेटा प्रशांत घायल हो गए। हादसे के वज्रपात और आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के लिए गांव सहारा बना है। ग्रामीणों ने इलाज के लिए एक लाख रुपये चंदा करके जुटाए। नेम सिंह की चचेरी बहन सरिता का बृहस्पतिवार को विवाह है, इसी में शामिल होने वह परिवार के साथ गांव आ रहा था। रविवार सुबह करीब आठ बजे बिचपुरी स्थित शनिदेव मंदिर के पास ऑटो अनियंत्रित होकर एंबुलेंस से टकरा गया। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# ताजनगरी में अगले 3 दिन भीषण गर्मी का रेड अलर्ट

एनएनआई

**आगरा।** अगले तीन दिनों में तापमान में इजाफा हो सकता है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में 44 डिग्री तक पारा पहुंचने के आसार जताए हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया।

बुधवार सुबह से ही लू के थपेड़े शुरू हो गए। दोपहर में तेज गर्मी के कारण लोग परेशान हो गए, हालांकि शाम को तेज हवा चली। करीब 42 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवा ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, लेकिन भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पाई।



भीषण गर्मी के कारण बुधवार को ताजमहल देखने आई फिरोजाबाद की एक बुजुर्ग महिला पर्यटक नीम तिराहा बैरियर के पास बेहोश होकर गिर पड़ी। जलेसर रोड निवासी सचिन कुमार अपनी 65 वर्षीय मां रजनी देवी के साथ ताजमहल देखने आए थे। सूचना मिलते ही बैरियर प्रभारी उप निरीक्षक सुभाषचंद्र यादव ने पश्चिमी पार्किंग स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र से डॉक्टर और एंबुलेंस को मौके पर बुलाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भेज दिया। इसी तरह महाराष्ट्र की पर्यटक को दस्त और डिहाइड्रेशन की शिकायत, लखनऊ के अनुपम को उल्टी और महाराष्ट्र की बिजिला बाई के पैरों में दर्द के कारण चिकित्सा दी गई। स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर ने सभी पर्यटकों को ओआरएस का घोल और आवश्यक दवाएं देकर राहत पहुंचाई।

# फोन पर धमकाने का डेढ़ माह बाद आयुक्त के आदेश से केस पंजीकृत

- पीड़ित का आरोप, सिस्टम सुधार संगठन अध्यक्ष ने रिश्तेदार के साथ आधी रात को दी धमकी
- संगठन के पूर्व पदाधिकारी की शिकायत पर लिखी गई एफआईआर

एनएनआई

**आगरा।** एत्मादपुर। सिस्टम सुधार संगठन के एक पूर्व पदाधिकारी ने अध्यक्ष अंशुमन ठाकुर पर अपने रिश्तेदार के साथ आधी रात को फोन कर धमकाने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस आयुक्त से की गई शिकायत पर डेढ़ माह बाद इलाका पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी पृथ्वी निवासी सिस्टम सुधार संगठन के पूर्व तहसील अध्यक्ष ठाकुर योगेश कुमार पुत्र स्व.राजपाल सिंह द्वारा मंगलवार को पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार से मुलाकात की गई कि पुलिस उनकी शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत नहीं कर रही है। उनकी शिकायत के बाद आयुक्त ने पीड़ित की तत्काल रिपोर्ट लिखने के निर्देश दिए। इसके बाद थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 351(4) के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने पूर्व में पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। दर्ज किए गए मुकदमे में पीड़ित ने कहा है कि 17 दिसंबर 25 को उन्होंने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर कार्रवाई न होने पर 21 मार्च 26 को रात्रि में 11.45 बजे अज्ञात व्यक्ति जो अपना नाम अजीत सेंगर और अंशुमन पुत्र गजेन्द्र पाल निवासी भंवाइन का साला बता रहा था। मोबाइल फोन पर बोला कि लो मेरे जीजाजी से बात करो। कॉल कांफ्रेंस पर अंशुमन मौजूद थे, वह कहने लगे कि तूने मेरी पत्नी के बारे में अपशब्द कहे हैं। तू अवैध मकान में निवास कर रहा है। दोनों लोगों ने मां-बहन को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया?। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जब मैंने पूछा कि मामला क्या है? तो कहने लगे कि तुझे तेरे घर आकर देखते हैं। पीड़ित ने इस धमकीभरी बातचीत की आडियो रिकार्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। आरोप लगाया है कि पूर्व में भी अपने साथियों को लेकर 10 दिसंबर 25 को उसे जान से मारने की कोशिश की थी। घटना की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। तहरीर में कहा गया कि तहसील कोर्ट में चल रहे वाद में फैसले को बदलवाने के लिए आरोपी रुपयों की मांग करता चला आ रहा है। पीड़ित ने अपनी जानमाल की सुरक्षा की गुहार भी लगाई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# न्यू आगरा में कार का शीशा तोड़ कैश, लैपटॉप किया पार

एनएनआई

**आगरा।** थाना न्यू आगरा के भगवान टॉकीज चौराहे पर मॉल में खरीदारी करने गए दंपती की खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने 3.5 लाख की नकदी और लैपटॉप उड़ा दिया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

गणपति स्मार्ट सिटी निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि 11 मई की रात करीब 8:10 बजे वह अपनी पत्नी अनिता सिंह के साथ भगवान टॉकीज स्थित विशाल मेगा मार्ट पर खरीदारी करने गए थे। उन्होंने अपनी नई कार पास में सर्विस रोड पर फ्लाईओवर की दीवार से सटाकर खड़ी कर दी थी। रात 8:50 बजे लौटने पर देखा कि कार का पिछला शीशा टूटा हुआ था और अंदर रखा सामान गायब था।



चोर कार से एक लैपटॉप व चार्जर, बैग में रखे करीब 3.50 लाख रुपये नकद, दस्तावेज, चेकबुक, आधार व पैन कार्ड , डेबिट-क्रेडिट कार्ड चोरी कर ले गए। इसके अलावा उनकी पत्नी के बैग में एचडीएफसी बैंक हींग की मंडी शाखा के लॉकर की 10-12 चाबियां और घर की चाबियां भी थीं, जो चोरी हो गईं। घटना के बाद पीड़ित ने थाना न्यू आगरा में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष न्यू आगरा ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# बिना पंजीकरण जिम-स्विमिंग पूल चलाना पड़ेगा महंगा

एनएनआई

**आगरा।** जिले में संचालित सभी निजी प्रतिष्ठानों, क्लबों और होटलों में चल रहे तरणताल (स्विमिंग पूल) और जिम के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। खेल विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण संचालन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकरण कराने का मौका 20 मई तक है। इसके लिए संचालक किसी भी कार्य दिवस में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाएगा। पंजीकरण न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 14 मई, 2026


# आम व्यक्ति के जीवन में कानून की भूमिका

**सुबह आंख खुलने से लेकर रात को सोने तक शायद ही कोई ऐसा क्षण होता हो, जब मनुष्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कानून से जुड़ा न हो। हम अक्सर यह मान लेते हैं कि कानून केवल अदालतों, वकीलों, पुलिस या अपराधों तक सीमित विषय है, जबकि वास्तविकता यह है कि कानून हमारे दैनिक जीवन का मौन संरक्षक है।**

सड़क पर वाहन चलाना हो, बैंक में खाता खुलवाना हो, मोबाइल सिम लेना हो, संपत्ति खरीदना हो, विवाह करना हो, नौकरी करना हो या फिर सोशल मीडिया का उपयोग, हर जगह कानून हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की रूपरेखा तय करता है। यदि समाज में कानून न हो, तो शक्तिशाली व्यक्ति कमजोर का अधिकार छीन ले और अराजकता ही व्यवस्था बन जाए। कानून का सबसे महत्वपूर्ण कार्य समाज में संतुलन और सुरक्षा बनाए रखना है। कल्पना कीजिए कि यदि ट्रैफिक नियम न हों, तो सड़कों पर क्या स्थिति होगी? यदि उपभोक्ता संरक्षण कानून न हों, तो व्यापारी मनमाने ढंग से लोगों को ठग सकते हैं। यदि श्रम कानून न हों, तो मजदूरों का शोषण बढ़ जाए। यदि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानून न हों, तो समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण गहरा जाए। भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार, ये केवल पुस्तक में लिखे शब्द नहीं हैं, बल्कि आम नागरिक के सम्मानजनक जीवन की नींव हैं। जब किसी व्यक्ति के साथ अन्याय होता है, तब वही कानून उसे न्याय प्राप्त करने का मार्ग देता है।

आज डिजिटल युग में कानून की भूमिका और भी बढ़ गई है। साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी समाचार, डेटा चोरी और सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों ने नई चुनौतियाँ पैदा की हैं। ऐसे समय में कानून केवल दंड देने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिकों को जागरूक और सुरक्षित रखने का साधन भी बन गया है। हालांकि केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होता। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों की कानून के प्रति जागरूकता और सम्मान में निहित होती है। जब लोग स्वेच्छा से नियमों का पालन करते हैं, तभी समाज सभ्य और विकसित बनता है। कानून का भय अस्थायी व्यवस्था दे सकता है, लेकिन कानून के प्रति सम्मान स्थायी सामाजिक संस्कृति का निर्माण करता है।

यह भी सत्य है कि कानून केवल अधिकार नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। यदि नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं, तो उन्हें अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। स्वच्छता बनाए रखना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, ट्रैफिक नियमों का पालन करना और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना, यही एक जागरूक नागरिक की पहचान है। वास्तव में कानून समाज की आत्मा में अनुशासन, समानता और न्याय का भाव स्थापित करता है। यह केवल अदालत की दीवारों में सीमित विषय नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। जिस समाज में कानून का सम्मान होता है, वहाँ नागरिक अधिक सुरक्षित, स्वतंत्र और सम्मानजनक जीवन जीते हैं।

आज के समय में समाज तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। तकनीक, सोशल मीडिया और सूचनाओं की तेज गति ने जहाँ लोगों के जीवन को सरल बनाया है, वहीं अनेक प्रकार की कानूनी, सामाजिक और नागरिक चुनौतियाँ भी उत्पन्न कर दी हैं। सामान्य व्यक्ति अक्सर अपने अधिकारों, कर्तव्यों और कानून की मूलभूत जानकारी के अभाव में भ्रम, शोषण अथवा अनजाने विवादों का सामना करता है। ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक महसूस किया गया कि कानून को केवल न्यायालयों और विधि विशेषज्ञों तक सीमित न रखकर आम जनजीवन से जोड़ा जाए। इसी उद्देश्य से एनएनआई प्राइम के साथ एक पहल प्रारंभ की जा रही है, ताकि हमारे पाठकों को सरल, सहज और व्यावहारिक भाषा में विधिक एवं सामाजिक विषयों की जानकारी मिल सके, वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें तथा एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक के रूप में समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

■ **अरविंद सिंह**
**प्रधान संपादक**





# शहर में तेज हुआ सड़क निर्माण कार्य, कई स्थानों से हटाई गई बैरिकेडिंग

## जिलाधिकारी के निर्देश पर गड्ढा मुक्ति और सड़क मरम्मत कार्य में तेजी

- एमजी रोड पर यातायात सुगम बनाने के लिए युद्ध स्तर पर चल रहा काम

एनएनआई



**आगरा।** शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आगरा मेट्रो परियोजना के तहत सड़क निर्माण और गड्ढा मुक्ति अभियान तेज कर दिया गया है। जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर मेट्रो अधिकारियों ने प्रमुख मार्गों पर युद्ध स्तर पर सड़क मरम्मत और बैरिकेडिंग हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से दूसरे कॉरिडोर में उन स्थानों से बैरिकेडिंग हटाई जा रही है, जहां यू गर्डर रखने या पिलर निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही मॉल रोड के बड़े हिस्से से भी बैरिकेडिंग हटाकर सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है।

मेट्रो टीम ने कैंट क्षेत्र के सुल्तानपुरा, सदर बाजार मेट्रो स्टेशन, प्रतापपुरा से कलेक्ट्रेट परिसर, सुभाष पार्क, धाकरान चौराहा, आगरा कॉलेज, नगर निगम कार्यालय और मॉल रोड सहित कई स्थानों पर सड़क निर्माण और पैचवर्क पूरा कर लिया है। महात्मा गांधी रोड पर पिलर संख्या 134 से 136 और पिलर संख्या 149 के आसपास भी सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है। बैरिकेडिंग हटाकर यातायात को सुचारु बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सर्वाधिक यातायात वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में रावली मंदिर क्षेत्र को गड्ढामुक्त कर दिया गया है, जबकि कलेक्ट्रेट मोड़ पर सड़क मरम्मत का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां बैरिकेडिंग के कारण अनावश्यक यातायात बाधित हो रहा है, वहां तत्काल कार्रवाई कर बैरिकेडिंग हटाए जाएं और सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए। प्रशासन का कहना है कि आमजन को यातायात में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

मेट्रो टीम पहले से ही बैरिकेडिंग के भीतर सड़क निर्माण कार्य कर रही थी, जिससे बैरिकेडिंग हटने के बाद लोगों को जल्द बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। प्रशासन का मानना है कि इन प्रयासों से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि शहर की सुंदरता और नागरिक सुविधाओं में भी सुधार आएगा।

# शिक्षा का भण्डारा में जरूरतमंद तीन सौ बच्चों को बांटी गई शिक्षण सामग्री

### राष्ट्रीय भीम व्यापार संगठन ने किया वितरण कार्यक्रम का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** राष्ट्रीय भीम व्यापार संगठन की ओर से ग्यासपुरा शाहगंज स्थित सागर धर्मशाला में शिक्षा का भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक व उपाध्यक्ष राहुल सागर ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस आयोजन के तहत करीब 300 बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। बच्चों को किताबें, कॉपियां, पेंसिल, रबड़, नोटबुक एवं स्कूल बैग भेंट किए गए, जिससे नए शैक्षणिक सत्र में उनकी पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके। संरक्षक सुभाष सागर ने कहा कि संस्था की यह पहल भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों से प्रेरित है। बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वह दहाड़ेगा।

इसी सोच को साकार करने के लिए संगठन लगातार समाजहित में कार्य कर रहा है। अतिथियों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। इस अवसर पर संजीव चौबे, विकास भारद्वाज, हेमंत भोजवानी, बंटी कर्दम, वीर प्रकाश बंटी, महेंद्र सागर, देवेंद्र सागर, मंजू सागर, मीनाक्षी सागर, सुरेंद्र कौर, संजय कुमार, ब्रजेश कुमार, शिवमोहन सागर, उपासना सागर, हीरो राणा, अवधेश आदि मौजूद रहे।




# बकाया स्टांप शुल्क पर अंसल हाउसिंग की संपत्ति कुर्क

### ताजगंज स्थित कार्यालय सील, राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई

- 24 लाख की देनदारी ब्याज सहित बढ़कर पहुंची 1.67 करोड़ रुपये

एनएनआई

**आगरा।** बकाया स्टांप शुल्क की वसूली को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंसल हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क कर ली। कार्रवाई के दौरान ताजगंज क्षेत्र के बगदा स्थित कंपनी कार्यालय को भी सील कर दिया गया। राजस्व विभाग के अनुसार कंपनी ने वर्ष 2006 में बगदा क्षेत्र में करीब तीन बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन खरीद के दौरान स्टांप शुल्क में गड़बड़ी पाए जाने पर कंपनी पर 24 लाख 88 हजार रुपये की देनदारी निर्धारित की गई थी। लंबे समय तक भुगतान न होने के कारण इस राशि पर लगातार ब्याज बढ़ता गया और बकाया करीब एक करोड़ 67 लाख रुपये तक पहुंच गया। बकाया वसूली के लिए प्रशासन की ओर से कुर्की आदेश जारी किया गया था। इसके बाद एसडीएम सदर सचिन राजपूत के निर्देश पर नायब तहसीलदार अनिल चौधरी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने बगदा स्थित संपत्ति को कुर्क करते हुए कार्यालय को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान संपत्ति पर कुर्की संबंधी नोटिस भी चस्पा किया गया। प्रशासन का कहना है कि सरकारी राजस्व की वसूली हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी। बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की आवश्यकता- डीसीपी सोनम कुमार

एनएनआई



**आगरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आगरा में इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के सहयोग से पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का का शुभारंभ डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक अभय डागा तथा उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट आगरा अनिरुद्ध यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने कहा कि हमें अपने आप को अद्यतन करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सीखने की आवश्यकता है इसके लिए हमें स्वयं अध्ययन करने के पश्चात आकलन करने में इसका प्रयोग करना चाहिए। उपशिक्षा निदेशक/ प्राचार्य डायट आगरा अनिरुद्ध यादव ने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आगरा के प्रशिक्षण हेतु पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिससे प्रशिक्षु अपने शिक्षण में एआई का प्रयोग करते हुए इसके बेहतर कार्य कर सकें। सहायक पुलिस अधीक्षक अभय डागा प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए इसके सदुपयोग के संदर्भ में सभी को लाभान्वित किया। प्रथम सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रज्ञा कावरा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इतिहास के साथ इसकी आवश्यकता एवं महत्व पर प्रशिक्षुओं को दैनिक जीवन में इसके उपयोग एवं प्रमुख एआई टूल पर विस्तार से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में डॉ. प्रतिभा रश्मि ने मशीन लर्निंग एवं इसके प्रकार, शिक्षा में एआई का प्रयोग एवं स्मार्ट लर्निंग तथा रिसर्च में पर्पलेक्सिलिटी के उपयोग से प्रशिक्षुओं को अवगत कराते हुए विस्तार से सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शैक्षिक तकनीकी प्रभारी डॉक्टर मनोज कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिशा निर्देशों के क्रम में पांच दिवसीय आई कार्यशाला डीएलएड बैच 2025 के प्रशिक्षुओं हेतु कार्यशाला संचालित की जा रही है।

इस अवसर पर आईईटी से डॉ राजेश लवानिया, डॉ गणेश चंद्र, प्रवक्ता अनिल कुमार, कल्पना सिन्हा, डॉ दिलीप कुमार गुप्ता, हिमांशु सिंह, डॉ, प्रज्ञा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, धर्मेन्द्र प्रसाद गौतम, संजीव कुमार सत्यार्थी, यशपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अबू मोहम्मद आसिफ, रंजना पांडे तथा प्रशासनिक अधिकारी मुकेश सिन्हा एवं डायट स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### 50 स्कूलों ने 2012 बच्चों को नहीं दिया प्रवेश, डीएम की फटकार

# आरटीई को मजाक मत बनाओ

एनएनआई



**आगरा।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने का सपना कागजी दांव-पेच में फंस गया है। रसूखदार स्कूल पात्रता जांचने के नाम पर न सिर्फ नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि मासूमों को गेट से ही लौटा रहे हैं। आरटीई के तहत चयन के बावजूद 50 स्कूलों ने 2012 बच्चों को दाखिला नहीं दिया।

बुधवार को कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल स्कूलों की मनमानी पर भड़क उठे। दाखिला नहीं देने वाले 50 बड़े स्कूलों की कुंडली सामने आई है। बैठक में पेश की गई इस सूची ने निजी स्कूलों की संवेदनहीनता की पोल खोल दी। कई नामी स्कूलों ने एक भी बच्चे को प्रवेश नहीं दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूल वाइस सूची पढ़ कर सुनाते हुए बताया कि सुमित राहुल गोयल मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आवंटित 22 बच्चों के सापेक्ष शून्य प्रवेश, सिंपकिंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आवंटित 22 बच्चों के सापेक्ष शून्य प्रवेश, द इंटरनेशनल स्कूल आगरा में आवंटित 17 बच्चों के सापेक्ष शून्य प्रवेश, होली पब्लिक स्कूल, सिकन्दरा में आवंटित 10 बच्चों के सापेक्ष शून्य प्रवेश, गायत्री पब्लिक स्कूल में आवंटित 09 बच्चों के सापेक्ष शून्य प्रवेश हुए हैं साथ ही होली पब्लिक किड्स स्कूल, आलमगंज, लोहामंडी में आवंटित 07 बच्चों के सापेक्ष शून्य प्रवेश, एसएमडी प्राइमरी स्कूल, नाई की मंडी में आवंटित 09 बच्चों के सापेक्ष शून्य तथा होली लाइट पब्लिक स्कूल लडामदा, आगरा में आवंटित 03 बच्चों के सापेक्ष शून्य प्रवेश होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि क्या ये सभी बच्चे पात्रता धारण नहीं करते या इनके अभिभावक प्रवेश हेतु अनिच्छुक हैं।

जिलाधिकारी ने इस स्थिति पर संबंधित स्कूल प्रबंधन को कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को फटकार लगाई।

डीएम ने कहा कि क्या ये सभी बच्चे अपात्र हैं या आपके इरादे ही नेक नहीं हैं। स्कूलों ने अधूरे कागजात और अपात्र होने के बहाने बनाए। डीएम ने कहा कि जांच करना आपका काम नहीं, आप सिर्फ प्रवेश लें। डीएम ने फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि पात्रता की जांच करना स्कूल का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लॉटरी में आवंटित बच्चे को प्रवेश देना अनिवार्य है। संदेह होने पर अभिभावक से अंडरटेकिंग लें और प्रशासन को सूचित करें। यदि गेट से किसी बच्चे को भगाने की शिकायत मिली तो स्कूल प्रबंधन सीधे कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

जिले में कुल 8,112 आवंटन के सापेक्ष अब तक मात्र 6100 दाखिले ही हो सके हैं, यानी करीब 25 प्रतिशत गरीब बच्चे अब भी स्कूलों की दहलीज पार करने को तरस रहे हैं। डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि जो स्कूल सहयोग न करें, उनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जाए।

बैठक में पता चला कि बिना अपनी बस वाले स्कूल निजी वाहनों के चालकों का सत्यापन और फिटनेस कराने से बच रहे हैं। डीएम ने एआरटीओ को ऐसे स्कूलों पर नकेल कसने के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह का समय देते हुए स्कूल प्रबंधनों से कहा कि बहानेबाजी बंद करें और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें, वरना सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में सीडीओ प्रतिभा सिंह, बीएसए जितेंद्र कुमार गोंड और एआरटीओ आलोक अग्रवाल मौजूद रहे।

# युवाओं को कोडिंग में दक्ष बना रहा कोड योगी

- आगरा कॉलेज में कोड योगी फाउंडेशन की कार्यशाला में बताए रोजगार के विकल्प




**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की गरिमामई उपस्थिति में,आगरा कॉलेज सभागार में कोड योगी फाउंडेशन के तत्वावधान में एआई आधारित तकनीकि व प्रोग्राम कोडिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद के सभी एडेड माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य, शिक्षक व छात्र -छात्राएं मौजूद रहे। कोड योगी फाउंडेशन की कार्यशाला में युवाओं को करियर और विषय के चुनाव में मार्गदर्शन के साथ भविष्य में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य तकनीकी के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के करियर एवं विषय के चुनाव में मार्गदर्शन के साथ भविष्य में छात्र छात्राओं को रोजगार, स्वावलंबन के अवसर प्रदान करना है इस दौरान उन्होंने भविष्य में रोजगार के विकल्प को खोलने एवं तकनीकी युग में नई संभावनाओं की खोज के अवसर को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रधानाचार्य और शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस एआई आधारित तकनीकि व कोडिंग कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाएं तथा छात्र छात्राओं के तकनीकी आधारित कौशल प्राप्ति में सहयोगी बनें,बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को उनके सुनहरे भविष्य हेतु सेतु का काम करें।

जनपद के सभी एडेड स्कूलों में कक्षा 8 से 12 वीं तक के छात्रों को एआई आधारित तकनीकि व कोडिंग में दक्ष बनाने, युवाओं को भविष्य के तकनीकी आधारित नौकरी के अवसरों, स्व-रोजगार, स्वावलंबन व आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के प्रयासों के तहत गर्मियों की छुट्टी के सदुपयोग हेतु,कोड योगी फाउंडेशन नामक एनजीओ और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने हाथ मिलाया है।

## डिजिटल डायग्नोसिस से टीबी उन्मूलन के करीब आगरा



**आगरा एनएनआई।** जनपद में 24 मार्च से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वल्नरेबल विलेज (संवेदनशील गांव) में अब तक 114 आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से टीबी की पहचान के लिए 13,596 लोगों के डिजिटल एक्स-रे किए गए। साथ ही 13,020 लोगों की नाट जांच भी की गई। जांच में 3,103 टीबी मरीज मिले हैं, जिन्हें निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण करके तुरंत उपचार पर रख दिया गया है। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों के विशेष प्रयासों से आगरा को तीन हैंडहेल्ड मोबाइल एक्स-रे मशीन प्राप्त हुई हैं। डिजिटल डायग्नोसिस और सामुदायिक भागीदारी से आगरा टीबी उन्मूलन के करीब हैं। 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन और रोजाना लग रहे शिविरों से टीबी एलिमिनेशन का कार्य तेज हुआ है, जिससे 'टीबी मुक्त आगरा' का लक्ष्य अब आसान हो रहा है।

## सुखमनी साहिब पाठ की लड़ी में संगत हुई भाव-विभोर

**आगरा एनएनआई।** पंचम पातशाही गुरु अर्जन देव महाराज जी की पावन शहीदी को समर्पित 40 दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन के अंतर्गत शाहगंज स्थित गुरुद्वारा दशम पातशाह में अमृतवेले से सुखमनी साहिब पाठ की लड़ी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ जारी है।



गुरुद्वारा परिसर में नाम सिमरन, जपियो जिन अर्जुन देव गुरु, फिर संकट जोन गर्भ ना आयों , ऐसे सद्गुरु दीनदयालद्व जैसे गुरुवाणी संदेशों के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। संगत ने गुरु महाराज जी की शहीदी को स्मरण करते हुए उनके त्याग, तपस्या और मानवता की सेवा के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर गुरुबाणी का रसपान कर रहे हैं। अमृतवेले से ही गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धा, सेवा और सिमरन का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सेवा में मुख्य सेवादार बॉबी आनंद, लव पोपली, अजय अरोड़ा, गुरु सेवक श्याम भोजवानी, मोहन गनवानी, जगदीश कर्मचंदानी, मनोज गिडवानी,भारत संगतानी मौजूद रहे।

# बलूनी स्कूल में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

एनएनआई




**आगरा।** दयालबाग स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में विगत 5 दिनों से आयोजित राष्ट्रीय तकनीकी दिवस (नेशनल टेक्नोलॉजी डे) के उपलक्ष में तकनीकी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसका आज स्कूल कैंपस में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं संस्कृति कार्यक्रमों के साथस समापन हुआ।

कार्यक्रम संयोजक मनीष अग्रवाल के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल द्वारा विज्ञान व तकनीक के प्रचार प्रसार एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल द्वारा आयोजित तकनीकी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के सैकड़ो विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर आधारित पोस्टर मेकिंग, सामान्य ज्ञान, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी आदि अनेक प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक एवं कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

स्कूल के ही कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने अपने जूनियर सहपाठियों को आधुनिक शिक्षा में तकनीकी के इस्तेमाल को प्रेरित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन स्कूल के सेमिनार हाल में किया। तकनीक के शिक्षा जगत में उपयोग विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी -अपनी कल्पनाओं को बहुत ही सुंदर और प्रभावपूर्ण तरीके से कागजों पर चित्रित कर अपनी अद्भुत कला का परिचय दिया।

निर्णायक मंडल की स्वीटी जैन, मनीष शर्मा, डॉ रवि, रोशनी, पल्लवी, रिचा द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिव्यांशी यादव, यशी वर्मा, अनन्या बंसल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा पहल बंसल एवं दिव्यांशी शर्मा को सांत्वना पुरस्कार, वाद विवाद प्रतियोगिता में आयुष शर्मा प्रथम, शुभम शर्मा, खुशी बंसल द्वितीय, पंखुड़ी बंसल, अक्षिता तृतीय एवं सुचित भूषण, प्रतीक सिंह को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता में अर्थ अग्रवाल, रियान गोयल, आयु वर्मा को विजयी एवं समृद्धि, कान्हा आदि विद्यार्थी को क्रमशः विजयी घोषित किया गया।

स्कूल के प्राचार्य डॉ संजय बंसल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम का संचालन मनीष अग्रवाल ने किया। एकेडमिक हेड अमृता यादव एवं समन्वयक महक हंडा ने राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के समापन कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर रूपदास, सुमित, अर्चना, वंशा, भावना, विकास, सौरभ, पूनम, श्रुति आदि स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे एवं शिवा, आदर्श, दिव्यांश, रिशिता, आयुष, अनंत, रजत, अलंकिता, ओम, प्रतीक, अभिनव, उत्कर्ष आदि विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# गैस एजेंसी पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई



**फतेहाबाद।** थाना डौकी क्षेत्र स्थित तमन्ना गैस एजेंसी पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

थाना डौकी में दर्ज मुकदमे के अनुसार 12 मई को वादी ने तहरीर देकर बताया था कि 10 मई की रात वह डौकी स्थित तमन्ना गैस एजेंसी पर अपने भाई के साथ बैठा था। रात करीब 10 बजे बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे और कृष्णा नामक युवक के बारे में पूछताछ करने लगे। वादी द्वारा कृष्णा के वहां काम न करने की बात कहने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर युवकों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि डौकी पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नगला देवहंस श्मशान घाट अंडरपास के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सोमवीर पुत्र सुन्दर सिंह निवासी भिडावली थाना इरादतनगर तथा अवधेश पुत्र मोहर सिंह निवासी चंदीपुरा थाना इरादतनगर शामिल हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया।



# डेयरी में संदिग्ध खाल मिलने पर जांच को भेजा नमूना

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** मोहल्ला कांदूबार इलाके की एक दूध डेयरी में गोवंश की खाल मिलने की आशंका को लेकर मामला सामने आया है। सूचना पर जीव जन्तु गौ सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ता प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और संदिग्ध खाल को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खाल भूरी भैंस की है। कस्बा चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार ने बताया कि भैंस के लबेरू की मृत्यु के बाद उसकी खाल से पुतला तैयार कर रखा गया था, ताकि भैंस उसे देखकर दूध देती रहे। आरोप और शिकायत के बाद प्रशासन ने एहतियातन खाल को जांच के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

# स्कूल के मेधावियों का किया गया सम्मान

**पिनाहट** एनएनआई । पिनाहट कस्बा स्थित हजारीलाल पाराशर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं सम्मान समारोह हुआ। सीबीएसई 10 वीं परीक्षा और गृह परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रा शांभवी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अंकित ने 93 प्रतिशत तथा रितिक ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। प्रबंध निदेशक नवीन पाराशर और प्रशासक गौरव पाराशर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।



# सीकरी पुलिस की तत्परता से गुम बालक सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** सीकरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई से गुम हुआ 3 वर्षीय मासूम सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार ग्राम मकदूम, थाना फरह, जनपद मथुरा निवासी विजय सिंह पुत्र श्री रामभरोसी ने दूरा चौकी पर सूचना दी कि उनका लगभग 3 वर्षीय पुत्र, जो कि नीली टी-शर्ट और नीला नेकर पहने हुए था, ग्राम दूरा से कहीं चला गया है। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर भी बालक का पता नहीं चला था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ऑटो स्टैंड दूरा और आसपास के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तलाश शुरू की। तलाश के दौरान टीकरी चौराहे पर शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए हुलिए से मिलता-जुलता एक बालक रोता हुआ मिला। शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर बालक की पहचान अपने पुत्र के रूप में कराई गई। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर पुलिस ने बालक को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तत्परता की सराहना करते हुए आभार जताया।

# पंखे से लटका मिला विवाहिता का शव

एनएनआई

**फतेहाबाद।** कस्बा फतेहाबाद के मोहल्ला जरारी हाउस में बुधवार को एक विवाहिता का शव कमरे में पंखे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कस्वा के मोहल्ला जरारी हाउस निवासी 28 वर्षीय रूमा पत्नी नीरज का शव बुधवार को घर के कमरे में साड़ी के फंदे से पंखे से लटका मिला। मृतका का भाई रोहित सुबह करीब 11 बजे अपनी बहन के घर नहाने के लिए पहुंचा था। कमरे में पहुंचने पर उसने रूमा का शव फंदे पर लटका देखा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।

बताया गया है कि रोहित अपने बहनोई नीरज के साथ होटल पर काम करता है। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर तरुण धीमान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका अपने पीछे एक पुत्र बीटू तथा दो बेटियां ईसू और छुटकी को छोड़ गई है। घटना के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता अभियान में मरीजों को किया जागरूक

एनएनआई

**वृन्दावन।** मथुरा रोड स्थित बीएचआरसी - डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई केयर इंस्टीट्यूट द्वारा "रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता अभियान" के अंतर्गत अस्पताल परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसका उद्देश्य मरीजों एवं उनके परिजनों को रेटिनोब्लास्टोमा (आंख के कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते पहचान, सावधानी एवं उचित उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करना रहा।



नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मान्या ने मरीजों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की आंखों की नियमित जांच कराने से बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल टीम द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों को जागरूकता संबंधी सामग्री वितरित की गई तथा बीमारी से बचाव, लक्षण एवं उपलब्ध उपचार सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों के प्रश्नों का समाधान करते हुए उन्हें नियमित नेत्र जांच के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रेटिनोब्लास्टोमा मुख्य रूप से छोटे बच्चों में होने वाला आंख का कैंसर है। अस्पताल के वरिष्ठ प्रशासक सी.पी. मैसी ने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है।जिससे लोग गंभीर नेत्र रोगों के प्रति सजग हो सकें। उन्होंने बताया कि अस्पताल भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित करता रहेगा। ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाई जा सके।

इस मौके पर डॉ. अनीजा, डॉ. प्रवीण, अनिमेष दास, गौरव कुमार, मुकेश कुमार, मनोज चौधरी, राजबाबू, लखन लाल, रामपाल सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी एवं मरीज उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# सत्ता को उड़ान और जनता को संयम

प्रधानमंत्री मोदी को डॉलर और तेल- गैस बचाने के लिए आम नागरिकों से अपील करनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह देश से अपील की है और कुछ हिदायतें भी दी हैं, उनसे स्पष्ट है कि संकट गहरा रहा है। हालात सामान्य की परिधि से बाहर निकल चुके हैं। सवा दो महीनों तक आर्थिक मजबूती का दावा करने (मुमकिन है जारी चुनाव के कारण किया गया हो) के बाद अब पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए सात-सूत्री अपील भारतवासियों से की है। कहा है कि ऊर्जा बचाने के लिए उन्हें वर्क फ्रॉम होम को तरजीह देनी चाहिए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पेट्रोल- डीजल की खपत घटानी चाहिए, और रसोई ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करनी चाहिए। विदेशी मुद्रा खर्च ना हो, इसके लिए साल भर उन्हें सोना नहीं खरीदना चाहिए, स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए, और विदेश यात्रा से बचना चाहिए।साथ ही रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने के लिए कुदरती खेती की ओर जाना चाहिए। ये बातें ऊर्जा, डॉलर, और उर्वरकों की संभावित किल्लत की ओर इशारा करती हैं।बार-बार अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का दावा करने वाली सरकार को जनता से व्यवहार में संयम बरतने का आग्रह करने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी। ईरान युद्ध ने विश्व ऊर्जा बाजार के स्वरूप को फिलहाल बदल दिया है। इसकी मार उन तमाम देशों पर पड़ी है, जिनके पास अपना ऊर्जा स्त्रोत नहीं है और अच्छे दौर में रणनीतिक भंडार बना लेने की बात जिनकी रणनीति और सूझबूझ ही नहीं थी। फिलहाल, बाजार में कच्चा तेल उपलब्ध है, लेकिन उसके लिए (फरवरी की तुलना में) सवा से डेढ़ गुनी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव तेजी से बढ़ा है।इसी बीच विदेशी निवेशकों की भारत से पैसा निकालने के तेज होती गई रफ्तार और रुपये की कीमत में आई भारी गिरावट ने संकट और बढ़ा दिया है। उधर पश्चिम एशिया से घटे आयात के कारण उर्वरक में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स का अभाव हो गया है, जिससे खाद्य संकट की आशंकाएं गहराई हैं। ऐसे में कई देश पहले ही ऊर्जा एवं डॉलर बचाने के उपाय अपना चुके हैं। मगर भारत में बात तब शुरू हुई है, जब पानी सिर तक पहुंच गया है। तब भी बात सिर्फ नागरिकों तक है। जो भारतीय कंपनियां अरबों डॉलर का अमेरिका में कर रही हैं, उनमें देशभक्ति की भावना जगाने का आह्वान अभी नहीं किया गया है।विश्व बैंक का आकलन है कि युद्ध के कारण 2026 में ऊर्जा की कीमतों में 24 फीसदी तक बढ़ोतरी होगी और वस्तुओं के दामों में 16 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। विश्व मंदी के कगार पर है, क्योंकि लगभग सभी देशों की आर्थिक गति धीमी हो गई है। प्रधानमंत्री साफ करें कि भविष्य में क्या होने वाला है। आम आदमी को भविष्य की चिंता सता रही है।सत्ता शीर्ष से किया गया आह्वान कई बार देश में असुरक्षाबोध पैदा करता है, जिसका नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। दरअसल, इससे कृत्रिम संकट पैदा करने वाले तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। इससे चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी को भी बढ़ावा मिलता है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि पिछले डेढ़ माह में सरकार विधानसभा चुनावों में व्यस्त रही। इस दौरान आर्थिक प्रबंधन का मुद्दा हाशिये पर चला गया। अब इन चुनौतियों से मुकाबले के प्रयास किए जा रहे हैं। निर्विवाद रूप से सोना भारतीय संस्कारों में है। वहीं भारत में आभूषण उद्योग लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया है। ऐसे में सोने की खरीद में गिरावट से संपन्न निवेशकों के मुकाबले श्रमिकों को ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। वहीं दूसरी ओर वर्क-फ्रॉम होम की नीति, काम करने वालों के बड़े तबके के लिए व्यावहारिक नहीं है। निस्संदेह, किसी भी आसन्न संकट में नागरिकों की जिम्मेदारी मायने रखती है। यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लेकिन सवाल यह है कि मंत्रियों के कारों के काफिलों पर भी अंकुश लगेगा.. क्या शासन प्रशासन की शाहखर्ची पर लगाम लगेगी... ।यदि ऐसा नहीं होता तो जनता की स्वतःस्फूर्त पहल प्रभावित होगी। वैसे भी नागरिक जिम्मेदारी एक हद तक तो प्रभावी हो सकती है,लेकिन वह किसी आपातकालीन योजना का विकल्प नहीं हो सकती।शायद यही आधुनिक भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी कुशलता या बेईमानी है। अपनी आर्थिक गड़बड़ियों और असुरक्षा को जनता की नैतिक जिम्मेदारी करार दो। संस्थागत सहारा जितना कमजोर होता है, त्याग की भाषा उतनी ऊंची हो जाती है। नागरिकों से अब केवल अस्थिरता झेलने की अपेक्षा नहीं की जाती। उनसे उसे नैतिक गरिमा के साथ झेलने की अपेक्षा की जाती है। इसलिए इसके बाद जो दृश्य सामने आया, वह संयोग कम और खुलासा अधिक लगा।आप सरकार को अपना वोट दें, उसे जिताएं, टैक्स और विश्वास भी दें, लेकिन जब अर्थव्यवस्था कमजोर पड़े या संकट आए, तब अपनी ही कमर कस लीजिए। खर्च घटाइए। अपनी सुरक्षा तक टाल दीजिए। महीने का बजट थोड़ा और खींचिए, जबकि सत्ता मंत्री और सरकार मंचों से अपने तमाशे करते रहें।यह लीडरशिप का क्षण नहीं, बल्कि अनायास आई पारदर्शिता से लोगों को संकट के लिए तैयार करने का क्षण था। सो लब्बोलुआब क्या? भारत में त्याग के लिए भी एक वर्ग तय है—मध्यवर्ग, यानी आम जन। सरकार को भी अपनी आर्थिक नीतियों पर पुनर्विचार की जरूरत है।



# चीनी के निर्यात पर भारत ने तत्काल प्रभाव से रोक लगाई

**भारत सरकार ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। निर्यात पर यह रोक 30 सितंबर या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। सरकार ने यह कदम देश में चीनी की उपलब्धता बनाए रखने और इसकी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उठाया है।**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, यह प्रतिबंध कच्ची, सफेद और परिष्कृत चीनी पर लागू होता है। सरकार ने नीति में बदलाव करते हुए चीनी को निषिद्ध श्रेणी में रख दिया है। सरकार ने कहा कि यह प्रतिबंध मौजूदा टैरिफ-दर कोटा और व्यवस्थाओं के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को चीनी निर्यात पर लागू नहीं होगा।

**खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर**

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने स्थानीय कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। सरकार का यह कदम वैश्विक सफेद और कच्ची चीनी की कीमतों को सहारा दे सकता है। इससे ब्राजील और थाईलैंड जैसे प्रतिद्वंद्वी उत्पादकों को एशियाई और अफ्रीकी खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर मिलेगा। भारत, ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा चीनी निर्यातक है।

**अगले सीजन का उत्पादन शुरूआती अनुमानों से कम?**

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पहले मिलों को 1.59 मिलियन टन चीनी निर्यात की अनुमति दी थी। लेकिन अब उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से कम रहने की उम्मीद है। प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में गन्ने की पैदावार कमजोर हुई है। अल नीनो मौसम की स्थिति इस वर्ष के मानसून को बाधित कर सकती है। इससे अगले सीजन का उत्पादन शुरूआती अनुमानों से कम रहने का जोखिम बढ़ गया है।

**उत्पादन और निर्यात की वर्तमान स्थिति**

निर्यात के लिए स्वीकृत 1.59 मिलियन टन में से व्यापारियों ने लगभग 800,000 टन के अनुबंध किए थे। इसमें से 600,000 टन से अधिक चीनी पहले ही भेजी जा चुकी है। सरकार ने कच्ची और सफेद चीनी के निर्यात पर रोक लगाने की बात कही है। हालांकि, निर्यात पाइपलाइन में पहले से मौजूद शिपमेंट को कुछ शर्तों के तहत आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी।

**प्रतिबंध के नियम और बाजार पर प्रभाव**

यदि आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन से पहले लोडिंग शुरू हो गई थी, तो खेपों को अनुमति दी जाएगी। यदि शिपिंग बिल दाखिल किया गया था और जहाज भारतीय बंदरगाह पर पहले ही पहुंच चुका था, तो भी निर्यात की अनुमति होगी। यदि चीनी अधिसूचना के प्रकाशन से पहले सीमा शुल्क या संरक्षक को सौंप दी गई थी, तो भी शिपमेंट को मंजूरी मिलेगी। मुंबई के एक व्यापारी ने कहा कि फरवरी में दिए गए अतिरिक्त निर्यात कोटे के कारण व्यापारियों को अब निर्यात आदेश पूरे करने में परेशानी होगी। प्रतिबंध की घोषणा के बाद न्यूयॉर्क कच्ची चीनी वायदा 2 फीसदी से अधिक बढ़ा, जबकि लंदन सफेद चीनी वायदा 3 फीसदी उछल गया।

**जिन जहाजों पर लोडिंग शुरू हो चुकी है, उन्हें राहत**

सरकार ने उन व्यापारियों को राहत दी है जिनका माल पहले से ही पोर्ट पर है। नोटिफिकेशन के मुताबिकः

जिन जहाजों में चीनी की लोडिंग नोटिफिकेशन जारी होने से पहले शुरू हो गई थी, उन्हें जाने दिया जाएगा।

अगर शिपिंग बिल फाइल हो चुका है और जहाज भारतीय बंदरगाहों पर लंगर डाल चुके हैं, तो उन्हें एक्सपोर्ट की अनुमति मिलेगी।

जो कंसाइनमेंट कस्टम को सौंपे जा चुके हैं और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में रजिस्टर्ड हैं, उन पर भी यह बैन फिलहाल लागू नहीं होगा।


**पड़ोसी देशों की फूड सिक्योरिटी के लिए मिल सकती है छूट**

नोटिफिकेशन में यह भी साफ किया गया है कि अगर किसी दूसरे देश की सरकार भारत से चीनी की मांग करती है और वहां फूड सिक्योरिटी (खाद्य सुरक्षा) का संकट है, तो सरकार विशेष अनुमति दे सकती है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार दूसरे देशों की जरूरतों को देखते हुए सीमित मात्रा में निर्यात को मंजूरी दे सकती है।

**सितंबर 2026 के बाद क्या होगा?**

सरकार ने फिलहाल यह रोक दो साल के लिए लगाई है। अगर 30 सितंबर 2026 तक इस बैन की अवधि को आगे नहीं बढ़ाया जाता है, तो चीनी का एक्सपोर्ट स्टेटस अपने आप दोबारा 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में चला जाएगा। सरकार का यह फैसला घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों को स्थिर रखने और त्योहारी सीजन के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए अहम माना जा रहा है।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# सामंथा की 'मां इंति बंगाराम' की नई रिलीज डेट घोषित

## अब 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की आगामी फिल्म मां इंति बंगाराम की रिलीज डेट बदल दी गई है। पहले यह फिल्म 15 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 19 जून को सिनेमाघरों में उतारा जाएगा। सामंथा ने सोशल मीडिया के जरिए नई रिलीज तारीख की घोषणा की। इसके साथ उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर भी साझा किया, जिसमें वह लाल रंग की साड़ी में हाथ में बंदूक लिए नजर आ रही हैं। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला पर आधारित है, जो एक पारंपरिक परिवार में नई बहू बनकर आती है। परिवार उसे शांत और सरल स्वभाव की महिला मानता है, लेकिन उसके अतीत से जुड़े कई रहस्य छिपे होते हैं। परिस्थितियां बदलने पर उसे उन्हीं लोगों की रक्षा करनी पड़ती है, जो उस पर पूरी तरह भरोसा नहीं करते। सामंथा ने फिल्म को लेकर कहा कि यह एक ऐसी महिला की कहानी है, जिसकी ताकत उसकी हिम्मत और संवेदनशीलता दोनों से आती है। उन्होंने कहा कि इस किरदार को निभाना और निमार्ता के रूप में फिल्म से जुड़ना उनके लिए बेहद संतोषजनक अनुभव रहा। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी पारिवारिक मूल्यों, भावनाओं और जीवन के छोटे-छोटे पलों पर आधारित है, जिसमें एक अलग तरह की ऊर्जा भी देखने को मिलेगी। फिल्म का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है। वहीं इसका निर्माण सामंथा रुथ प्रभु, राज निदिमोरु और हिमांक दुवुरु ने मिलकर किया है।



# फिर साथ दिखेंगे अक्षय कुमार और विद्या बालन



अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री विद्या बालन एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों फिल्म निमार्ता अनीस बज्मी की नई कॉमेडी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। निमार्ताओं के अनुसार यह फिल्म पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर होगी और चार दिसंबर को रिलीज की जाएगी। फिल्म में राशि खन्ना, विजय राज और सुदेश लहरी भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। हाल ही में फिल्म का केरल शेड्यूल पूरा किया गया है। अक्षय कुमार और विद्या बालन इससे पहले वर्ष 2007 में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया में साथ नजर आए थे। इसके अलावा दोनों ने हे बेबी और मिशन मंगल में भी साथ काम किया था। लंबे समय बाद दोनों की जोड़ी फिर बनने से प्रशंसकों में उत्साह देखा जा रहा है। अक्षय कुमार हाल ही में रिलीज हुई भूत बंगला में नजर आए थे। वहीं वह जल्द ही सैफ अली खान के साथ फिल्म 'हैवान' में दिखाई देंगे। वहीं विद्या बालन हाल में रिलीज हुई राजा शिवाजी में नजर आई थीं, जिसका निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है।

# सूर्या की 'करुप्पु' ने एडवांस बुकिंग में दिखाई दमदार शुरूआत

**पहले दिन के लिए 2.67 करोड़ रुपये की टिकट बिक्री**

दक्षिण भारतीय अभिनेता सूर्या की बहुप्रतीक्षित फिल्म करुप्पु रिलीज से पहले ही चर्चा में आ गई है। फिल्म ने पहले दिन की एडवांस बुकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2.67 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के लिए देशभर में 4333 शो निर्धारित किए गए हैं। अब तक करीब 1.6 लाख टिकट बिक चुके हैं। सबसे ज्यादा प्रतिक्रिया तमिल संस्करण को मिली है, जहां 1.60 लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हुई। वहीं तेलुगु संस्करण के लिए भी दर्शकों में उत्साह देखा गया। फिल्म को तमिलनाडु में सबसे अधिक समर्थन मिला है, जहां एडवांस बुकिंग से करीब 2.11 करोड़ रुपये की कमाई हुई। इसके बाद कर्नाटक का स्थान रहा, जहां फिल्म ने 24 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया। फिल्म का निर्देशन आरजे बालाजी ने किया है। फिल्म में दमदार एक्शन, कोर्टरूम ड्रामा और भावनात्मक दृश्यों का मिश्रण देखने को मिलेगा। कहानी में सूर्या न्याय के लिए संघर्ष करते नजर आएंगे। आरजे बालाजी ने फिल्म को लेकर कहा कि यह कहानी ऐसे समय की है, जब दुनिया मुश्किल दौर से गुजर रही हो और एक नायक बुराई के खिलाफ खड़ा होकर लोगों के जीवन में उम्मीद वापस लाए। फिल्म में त्रिशा कृष्णन मुख्य भूमिका में हैं। वह फिल्म में प्रीति नाम की वकील का किरदार निभा रही हैं। इसके अलावा इंद्रांस, नट्टी सुब्रमण्यम, स्वासिका, शिवदा, सुप्रीत रेड्डी और योगी बाबू भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।



Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# ‘नाकामी वापसी का रास्ता दिखाती है’

## शतक के बाद विराट कोहली का दिल जीतने वाला बयान




**रायपुर।** लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन रायपुर में उन्होंने बल्ले से जवाब दिया। केकेआर के खिलाफ विराट ने नाबाद शतक लगाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। विराट ने आईपीएल का रिकॉर्ड नौवां शतक लगाया और एमएस धोनी और रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर 279 मैचों के साथ आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी भी बन गए। मैच के बाद विराट ने खुलकर अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, 'पिछले दो मैचों में मैं ज्यादा रन नहीं बना पाया था।

यह बात मुझे अंदर ही अंदर खा रही थी, क्योंकि मुझे पता है कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और गेंद को अच्छी तरह हिट कर रहा हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन जब आप अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा पाते और टीम पर असर नहीं डाल पाते, तो यह परेशान करता है। इतने वर्षों से मेरा लक्ष्य यही रहा है कि खुद को बेहतर बनाऊं और टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।'

### 'असफलताएं वापसी का मौका देती हैं'

कोहली ने कहा, 'दो मैच अगर आपके मुताबिक नहीं जाते तो थोड़ी घबराहट होती है, लेकिन वही आपकी मदद भी करती है। मेहनत बहुत लगती है, मगर इससे आपका खेल ऊपर जाता है। वे असफलताएं बहुत जरूरी होती हैं, क्योंकि वही आपको वापसी की जगह देती हैं।' उनका यह बयान बताता है कि बड़े खिलाड़ी हार से टूटते नहीं, बल्कि उससे सीखकर और मजबूत बनते हैं।

### 'दबाव एक विशेषाधिकार है'

विराट ने दबाव को लेकर भी बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'लोग कहते हैं दबाव एक विशेषाधिकार है, क्योंकि यह आपको विनम्र बनाए रखता है। अच्छा दबाव हमेशा आपके खेल को बेहतर करता है।' उन्होंने माना कि शतक के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाया, क्योंकि टीम के लिए अंक ज्यादा महत्वपूर्ण थे। 'दबाव आपको विनम्र बनाए रखता है, आपको फोकस में रखता है और आपको फिर से अभ्यास में कड़ी मेहनत करने के लिए मजबूर करता है। आप चीजों को हल्के में नहीं ले सकते। पेट में घबराहट महसूस होना, अच्छा दबाव हमेशा आपके खेल को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसलिए मैं नेट्स में ज्यादा मेहनत कर रहा था, ट्रेनिंग और कड़ी कर रहा था।'

### बल्लेबाजी से प्यार ही सबसे बड़ी ताकत

कोहली ने कहा, 'मुझे बल्लेबाजी से प्यार है, यही मेरी सबसे गहरी भावना है। इस स्तर पर खेलना सम्मान की बात है। मैं मैदान पर अपना दिल और जान लगा देता हूं, क्योंकि एक दिन यह सब खत्म हो जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'खेल आपको इंसान के रूप में बहुत कुछ सिखाता है। दबाव में प्रदर्शन करने से आपका चरित्र बनता है। इतने वर्षों बाद भी बल्ले के बीच में गेंद लगने की खुशी आज भी वैसी ही है।'

# आरसीबी ने केकेआर को छह विकेट से हराया




**रायपुर।** विराट कोहली की तूफानी शतकीय पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हरा दिया। बुधवार को रायपुर में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 194 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर का नौवां शतक पूरा किया। वह 105 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर के लिए कार्तिक त्यागी ने तीन विकेट लिए जबकि सुनील नरेन को एक सफलता मिली।

## चेन्नई को बड़ा झटका, चोटिल होकर स्वदेश लौटे जेमी ओवरटन

- दाहिनी जांघ की चोट के चलते इंग्लैंड रवाना हुए ऑलराउंडर
- प्लेऑफ की दौड़ में सीएसके की बढ़ी चिंता

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम के इंग्लिश ऑलराउंडर जेमी ओवरटन दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण स्वदेश लौट गए हैं। फ्रेंचाइजी ने जानकारी दी कि ओवरटन आगे की जांच और इलाज के लिए इंग्लैंड रवाना हुए हैं। हालांकि टीम प्रबंधन ने अभी उन्हें टूर्नामेंट से आधिकारिक तौर पर बाहर घोषित नहीं किया है।

ओवरटन हाल ही में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर चर्चा में आए थे। उन्होंने तीन विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया था। उस मुकाबले में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। इस सत्र में ओवरटन ने 10 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। उनका गेंदबाजी औसत 17.78 और इकॉनमी 8.89 रही है। बल्लेबाजी में भी उन्होंने 136 रन बनाए हैं और 158 से अधिक के स्ट्राइक रेट से टीम को उपयोगी योगदान दिया है।

ओवरटन के चोटिल होने से चेन्नई की टीम संतुलन को लेकर मुश्किल में पड़ सकती है। टीम के पास फिलहाल समान स्तर का विदेशी ऑलराउंडर विकल्प नहीं है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को मौका दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। वहीं एमएस धोनी की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा बनी हुई है। वह अब तक इस सत्र में मैदान पर नजर नहीं आए हैं और टीम के साथ यात्रा करते भी नहीं दिखे।

चेन्नई सुपर किंग्स फिलहाल 11 मैचों में 12 अंक लेकर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन लगातार खिलाड़ियों के चोटिल होने से आगे की राह चुनौतीपूर्ण हो सकती है।



## गुरुवार, 14 मई राशिफल

मेष राशि: आज आत्मविश्वास और ऊर्जा में बढ़ोतरी होगी। करियर में मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा। परिवार और दोस्तों का सहयोग मिलेगा। लव लाइफ में पुरानी गलतफहमियां दूर हो सकती हैं।

वृषभ राशि: आज लाभ और सफलता के अच्छे योग बन रहे हैं। करियर में नई उपलब्धि मिल सकती है। दोस्तों और संपर्कों से फायदा होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन फिजूलखर्ची से बचें। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

मिथुन राशि: कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा और नए मौके मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। दोस्तों के साथ संबंध मजबूत होंगे। प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन थकान से बचें।

कर्क राशि: भाग्य का साथ मिलेगा और मानसिक शांति बनी रहेगी। करियर में मेहनत रंग लाएगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर खर्च करें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

सिंह राशि: आज अचानक लाभ मिलने की संभावना है। करियर में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास से काम पूरे होंगे। रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें। फिजूल खर्च से बचना जरूरी है। खान-पान और सेहत का ध्यान रखें।

कन्या राशि: रिश्तों और पार्टनरशिप के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। करियर में नई पहचान मिल सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के लिए तनाव से दूर रहें।

तुला राशि: कामकाज में सफलता मिलेगी और विरोधियों पर जीत हासिल होगी। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें क्योंकि खर्च बढ़ सकते हैं। रिश्तों में धैर्य से काम लें। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। सेहत के लिए खान-पान संतुलित रखें। मानसिक तनाव से बचें।

वृश्चिक राशि: क्रिएटिविटी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। छात्रों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी। करियर में मेहनत का लाभ मिलेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। निवेश सोच-समझकर करें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन आंखों को आराम दें।

धनु राशि: परिवार और घर से जुड़ी खुशियां मिलेंगी। करियर में सफलता और सम्मान मिलेगा। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग हैं। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त आराम करें।

मकर राशि: साहस और आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में नई डील या अवसर मिल सकता है। परिवार और भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है। रिश्तों में धैर्य बनाए रखें। स्वास्थ्य के लिए दिनचर्या संतुलित रखें।

कुंभ राशि: आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और निवेश से लाभ मिल सकता है। करियर में नई योजनाएं सफल होंगी। परिवार में सम्मान बढ़ेगा। प्रेम जीवन रोमांटिक रहेगा। बिजनेस में फायदा मिलने के योग हैं। सेहत सामान्य रहेगी।

मीन राशि: आज आत्मविश्वास और मानसिक शांति बनी रहेगी। करियर में मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। प्रेम जीवन में रिश्ते मजबूत होंगे। सेहत के लिए सुबह की सैर फायदेमंद रहेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# एसएन मेडिकल कॉलेज में पेट के पीछे फैले विशाल ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

## कई अंगों को प्रभावित कर चुके ट्यूमर को विशेषज्ञ टीम ने निकाला

- घंटों चली जटिल सर्जरी के बाद मरीज की हालत स्थिर

एनएनआई



**आगरा।** सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज के कैंसर सर्जरी विभाग ने एक जटिल और उच्च स्तरीय ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर 53 वर्षीय मरीज को नई जिंदगी दी है। चिकित्सकों की टीम ने पेट के पीछे फैले विशाल ट्यूमर को दाहिनी किडनी सहित सफलतापूर्वक निकाल दिया।

आगरा निवासी विजय लंबे समय से पेट दर्द, भूख न लगना और कमजोरी की समस्या से परेशान थे। पिछले कुछ दिनों से खाना खाने पर उन्हें लगातार उल्टी हो रही थी। विभिन्न अस्पतालों में परामर्श के बाद उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज के सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक स्थित कैंसर सर्जरी विभाग में रेफर किया गया।

यहां ओपीडी में डॉ. गौरव सिंह से परामर्श के बाद मरीज की विस्तृत जांच और स्कैन कराए गए। जांच में पता चला कि मरीज के पेट के पीछे रेट्रोपेरिटोनियल स्पेस में विशाल ट्यूमर मौजूद है, जिसने प्रमुख रक्त वाहिनियों, दाहिनी किडनी और लिवर के हिस्से को प्रभावित कर रखा था। मरीज को राइट रेट्रोपेरिटोनियल सारकोमा विद मल्टीऑर्गन इन्वॉल्वमेंट बीमारी से ग्रसित पाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कैंसर सर्जरी विभाग की टीम ने जटिल ऑपरेशन का निर्णय लिया। डॉ. वरुण अग्रवाल और डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में कई घंटों तक चली सर्जरी में गहराई में स्थित ट्यूमर को दाहिनी किडनी सहित निकाल दिया गया।

चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि ट्यूमर महत्वपूर्ण रक्त वाहिनियों और आसपास के अंगों से जुड़ा हुआ था। विशेषज्ञ टीम ने अत्यंत सावधानी और कुशलता से सर्जरी को सफल बनाया। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर बताई गई है और उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। सर्जरी टीम में डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. गौरव सिंह, डॉ. सुभजीत, डॉ. जफर, डॉ. अर्पित शर्मा, डॉ. अश्वनी और डॉ. विवेक शामिल रहे। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. अर्पिता सक्सेना, डॉ. योगिता, डॉ. काजल, डॉ. विकास और डॉ. जसलीन ने सहयोग किया। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है, जिससे आगरा और आसपास के मरीजों को लाभ मिल रहा है।

विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश गुप्ता ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित और अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। मेडिकल कॉलेज की सुपरस्पेशलिटी बिल्डिंग में प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को कैंसर सर्जरी की ओपीडी संचालित होती है।

# आर्थिक संकट से निपटने को फेम ने केंद्र सरकार को भेजे सुझाव



- अघोषित सोने को मुख्यधारा में लाने के लिए योजना लागू करने की मांग
- पेट्रोल-डीजल की बचत और ऑनलाइन कार्यप्रणाली अपनाने पर दिया जोर

एनएनआई

**आगरा।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल ने वर्तमान वैश्विक आर्थिक संकट के बीच केंद्र सरकार को कई रचनात्मक सुझाव भेजे हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए नीतिगत पहल करने की अपील की है। फेम की ओर से वित्त मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन को भी पत्र भेजकर सुझावों से अवगत कराया गया है। प्रेसवार्ता में भूपेंद्र सिंह सोबती ने कहा कि भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था और आज भी देश में बड़ी मात्रा में अघोषित सोना मौजूद है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार ऐसी स्वघोषणा योजना लागू करे, जिससे लोग स्वेच्छा से अपना सोना सरकार के समक्ष घोषित कर सकें। उन्होंने कहा कि इससे सरकार को राजस्व प्राप्त होगा और राजस्व घाटा कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही तिजोरियों में बंद सोना बाजार में आने से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और सर्राफा कारोबार से जुड़े कामगारों को रोजगार भी मिलेगा। जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने कहा कि राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों में सभी लोगों को अधिकतम सहयोग करना चाहिए। उन्होंने डीजल और पेट्रोल की बचत, ऑनलाइन बैठक और ऑनलाइन कार्यप्रणाली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक संकट के इस दौर में सभी को भारत सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए। प्रेसवार्ता में मंडलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित, राजेंद्र सिंह कुक्कू, धर्मवीर कौशिक, प्रेम शर्मा, मुकेश निर्वाणिया, गौरव जैन, संतोष कुमार और मनीष कुमार मौजूद रहे।

# शिवालिक पब्लिक स्कूल में बालिका जागरूकता शिविर आयोजित



- महिला शांति सेना की कार्यशाला में छात्राओं को दिए आत्मविश्वास और स्वास्थ्य के संदेश
- माहवारी, आत्मनिर्भरता और महिला सम्मान पर विशेषज्ञों ने किया जागरूक

एनएनआई

**आगरा।** शिवालिक पब्लिक स्कूल में बुधवार को महिला शांति सेना की ओर से बालिका जागरूकता शिविर और प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में समाज सेवा, शिक्षा, साहित्य, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विशिष्ट अतिथियों ने छात्राओं को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि वत्सला प्रभाकर ने शिक्षा, संस्कार, आत्मविश्वास और समाज सेवा के महत्व पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

विशिष्ट अतिथि पैंजी थॉमस ने विद्यार्थियों को अनुशासन और जीवन मूल्यों की जानकारी दी। प्रख्यात लेखिका और साहित्यकार श्रुति सिन्हा ने साहित्य और संस्कृति के महत्व पर अपने विचार साझा किए। डॉ. पल्लवी खरे ने छात्राओं को माहवारी से जुड़ी जागरूकता प्रदान करते हुए कहा कि माहवारी कोई बोझ नहीं बल्कि महिलाओं की शक्ति और पूर्णता का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से माहवारी से जुड़ी समस्याओं और सावधानियों पर भी चर्चा की। कैप्टन शीला बहल ने छात्राओं को हर परिस्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखने और चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मनिर्भरता, महिला सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने भी उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय प्रबंधक एसएस यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य वंदना शुक्ला के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# बाबा हरदेव सिंह को समर्पित 'समर्पण दिवस' पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

- शहर की विभिन्न शाखाओं में हुए सत्संग और सेवा कार्यक्रम
- प्रेम, सेवा और मानवता के संदेश को किया गया याद

एनएनआई



**आगरा।** संत निरंकारी मिशन की ओर से बुधवार को युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति में समर्पण दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा के साथ-साथ विश्वभर में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आगरा की विभिन्न शाखाओं में भी विशेष सत्संग और सेवा कार्यक्रम हुए। आगरा में संयोजक मुनीश कुमार के नेतृत्व में अर्जुन नगर, कमला नगर, मधु नगर, शास्त्रीपुरम और ट्रांस यमुना शाखाओं के निरंकारी सत्संग भवनों में समर्पण दिवस का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा हरदेव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर मानवता, प्रेम और सेवा के संदेश को याद किया।

संयोजक मुनीश कुमार ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और मानवीय संवेदनाओं के प्रतीक थे। उन्होंने मानव जीवन को आत्मज्ञान से जोड़ते हुए प्रेम, सेवा, सहअस्तित्व और समर्पण का संदेश दिया। जोनल इंचार्ज एचके अरोरा ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह के नेतृत्व में संत निरंकारी मिशन ने रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवा जागरूकता जैसे अनेक सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की धारा प्रवाहित की। कार्यक्रम में आगरा संयोजक एवं मधु नगर शाखा मुखी मुनीश कुमार, अर्जुन नगर मुखी अमन महेंद्रू, कमला नगर मुखी जयश्री करमचंदानी, शास्त्रीपुरम मुखी जसवंत सिंह, ट्रांस यमुना मुखी सोना धनवानी और सेवादल के क्षेत्रीय संचालक महेश चौहान ने व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवादल के स्वयंसेवकों ने विभिन्न शाखाओं में कार्यक्रम संचालन और व्यवस्थाएं संभालीं।

# दवा कारोबारियों में हड़ताल को लेकर टकराव, पोस्टर लगाने पर हुआ विरोध

एनएनआई

- 20 मई की प्रस्तावित हड़ताल पर दो गुट आमने-सामने
- पुलिस ने हस्तक्षेप कर पोस्टर लगाने से रोका

**आगरा।** 20 मई को प्रस्तावित दवा विक्रेताओं की हड़ताल को लेकर दवा कारोबारियों के दो गुटों के बीच खींचतान शुरू हो गई है। शहर में हड़ताल के पोस्टर लगाए जाने का कुछ व्यापारियों ने विरोध जताया, जिसके बाद मामला गरमा गया। कोतवाली क्षेत्र के दवा व्यापारियों ने हड़ताल के पोस्टर चिपकाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। व्यापारियों का कहना था कि उनकी हड़ताल को लेकर सहमति नहीं है, ऐसे में उनकी दुकानों के आसपास पोस्टर लगाने से ग्राहकों में भ्रम की स्थिति बनेगी और व्यापार प्रभावित होगा। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद आगरा महानगर केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। एसोसिएशन का आरोप है कि आगरा फार्मा एसोसिएशन के लोग जबरन पोस्टर चिपका रहे हैं, जबकि हड़ताल को लेकर उनकी संस्था की सहमति नहीं है। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने फिलहाल आगरा फार्मा एसोसिएशन को पोस्टर लगाने से रोक दिया। आगरा महानगर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष शर्मा, चेयरमैन संजय चौरसिया और संस्थापक गिरधारी लाल भगत्यानी ने कहा कि किसी भी व्यापारी को व्यापार करने से नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि व्यापार करना संवैधानिक अधिकार है और किसी को डराकर या दबाव बनाकर दुकानें बंद कराने का प्रयास उचित नहीं है।